दैनिक जागरण 23/08/2024

जीएमएन कालेज में किया पौधारोपण

जासं, अंबाला: अंबाला कैंट के गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में एनएसएस इकाइयों और ईको क्लब द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और पौधों के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना था। कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इस अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण हमारे पर्यावरण के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए पौधे लगाने चाहिए। ईको क्लब के इंचार्ज डा. कुलदीप यादव ने पौधों के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एनएसएस के प्रोग्राम आफिसर डा. धर्मवीर सैनी और डा. अनीश कुमार ने पौधों के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अभियान के अंतर्गत हींग, काली मिर्च, तेज पत्ता, मसाला पत्ता, आल स्पाइस, इलायची, औषधीय तुलसी और गिलोय के पौधे लगाए गए। इस दौरान डा. अमिता, डा. मीनू राठी और डा. ऋतु गुप्ता आदि मौजूद रहे।